# किशोरी से गैंगरेप कर वीडियो बनाया: मां ने 5 नामजद आरोपियों पर दर्ज किया केस

(जीएनएस)।

पीलीभीत के बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र में किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपियों ने इस घटना का वीडियो भी बनाया। पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर गांव के पांच युवकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।



कोतवाली में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, यह घटना 21 जनवरी की रात करीब 11 बजे हुई। पीड़िता की मां ने आरोप लगाया है कि गांव के अवनीश कुमार ने उनकी बेटी को फोन कर घर से बाहर बुलाया। जब किशोरी बाहर पहुंची, तो वहां प्रशांत पहले से मौजूद था। अवनीश किशोरी को फुसलाकर हर्ष उर्फ विनीत के घर ले गया।

आरोप है कि प्रशांत ने इसकी जानकारी अपने अन्य मित्रों विकास, शरद और सुमित को दी। इसके बाद ये चारों युवक भी हर्ष के घर पहुंचे। वहां से विकास किशोरी को पास ही स्थित एक सुनसान खंडहर में ले गया।

खंडहर में मुख्य आरोपी प्रशांत ने अन्य साथियों की मदद से किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। आरोप है कि शरद और सुमित ने किशोरी के कपड़े उतारने में प्रशांत की मदद की। विकास ने मोबाइल फोन से इस घटना का वीडियो बनाया।

वारदात के बाद किशोरी घर पहुंची और परिजनों को घटना के बारे में बताया। थाना अध्यक्ष संजीव कुमार शुक्ला ने जानकारी दी कि पीड़िता की मां की तहरीर पर अवनीश, प्रशांत, विकास, शरद और सुमित के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की कई टीमें आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं।

# अनियंत्रित वैन ने तोड़ा बिजली पोल: ऊपर गिरा खंभा , चालक फरार

**बड़ा हादसा टला**

(जीएनएस)।

पीलीभीत,पूरनपुर,

थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र में शनिवार को एक बड़ा सड़क हादसा टल गया। रायपुर-जगतपुर मार्ग पर एक तेज रफ्तार ईको वैन अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि खंभा जड़ से उखड़कर वैन की छत पर जा गिरा। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।



प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शनिवार को ईको वैन रायपुर से जगतपुर की ओर तेज गति से जा रही थी। चालक ने अचानक वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिससे वैन सीधे बिजली के खंभे से जा टकराई। टक्कर के बाद खंभा वैन के ऊपर गिर गया। हादसे के समय वैन में कुछ लोग सवार थे, जिन्हें मामूली चोटें आईं, लेकिन सभी सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों को आता देख चालक क्षतिग्रस्त वैन को छोड़कर भाग गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत विद्युत विभाग को सूचना दी ताकि बिजली का करंट फैलने से रोका जा सके।

सूचना मिलते ही बिजली विभाग ने एहतियातन पूरे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बंद कर दी। विभाग की एक टीम मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त खंभे को हटाने का काम शुरू किया। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, बिजली लाइन को दुरुस्त करने की प्रक्रिया जारी है ताकि ग्रामीणों को बिजली कटौती का सामना न करना पड़े।

इस घटना को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने रोष व्यक्त किया है। ग्रामीणों का आरोप है कि रायपुर-जगतपुर मार्ग पर वाहन चालक अक्सर यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए तेज रफ्तार में गाड़ियां चलाते हैं। उनका कहना है कि इस मार्ग पर पहले भी कई बार दुर्घटनाएं होते-होते बची हैं। थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है और फरार चालक की तलाश की जा रही है। क्षतिग्रस्त वाहन को कब्जे में लेकर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# 9 साल की बच्ची मासूम से चचेरे भाई का दर्दनाक दुष्कर्म, हत्या की धमकी देकर डराया; किशोर आरोपी गिरफ्तार

(जीएनएस)।

पीलीभीत,रिश्तों को शर्मसार करने वाला एक मामला सामने आया है। सदर कोतवाली क्षेत्र में एक 15 वर्षीय किशोर ने अपनी ही 9 वर्षीय ममेरी बहन के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी किशोर को गिरफ्तार कर लिया है और उसे न्यायालय के आदेश पर किशोर सदन भेज दिया गया है।




दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, यह घटना शाम लगभग छह बजे हुई। पीड़िता की मां ने बताया कि उनके रिश्ते के जेठ का 15 वर्षीय पुत्र उनकी नौ वर्षीय बेटी को जबरन अपने घर ले गया। उस समय आरोपी घर पर अकेला था।

एकांत का लाभ उठाकर किशोर ने मासूम के साथ दरिंदगी की। विरोध करने पर उसने बालिका को किसी से शिकायत न करने की धमकी दी और कहा कि यदि उसने किसी को बताया तो वह उसे जान से मार देगा।

घटना के बाद मासूम बालिका जब घर लौटी, तो वह गुमसुम और रो रही थी। मां ने बार-बार पूछने पर बालिका ने रोते हुए अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। परिजनों ने बताया कि मासूम की हालत गंभीर थी और उसे काफी रक्तस्राव हो रहा था।

इसके तत्काल बाद, पिता और मां बच्ची को लेकर कोतवाली पहुंचे और पुलिस को लिखित तहरीर दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू की। सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी और प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पीड़िता को जिला महिला अस्पताल भिजवाया, जहां उसका उपचार और मेडिकल परीक्षण कराया गया।


पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी किशोर को हिरासत में ले लिया। चूंकि आरोपी नाबालिग है, उसे जुवेनाइल कोर्ट में पेश किया गया। न्यायालय के आदेश पर उसे किशोर सदन भेज दिया गया है। सीओ सिटी ने बताया कि मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद पीड़िता के बयान अदालत में दर्ज कराए जाएंगे और कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# पीलीभीत में 26 जनवरी परेड रिहर्सल पूरी: पुलिस का अनुशासित प्रदर्शन

**गणतंत्र दिवस रिहर्सल में पुलिस ने दिखाया कमाल का अनुशासन**

(जीएनएस)।

पीलीभीत,आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों के तहत शनिवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स में फुल ड्रेस परेड रिहर्सल आयोजित की गई। इस दौरान परेड की बारीकियों और सुरक्षा व्यवस्था से लेकर मार्च पास्ट तक के हर पहलू का गहन निरीक्षण किया गया।




फुल ड्रेस रिहर्सल की कमान सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर नताशा गोयल ने परेड कमांडर के रूप में संभाली। उनके नेतृत्व में विभिन्न टुकड़ियों ने बैंड की धुन पर कदमताल की। परेड में उत्तर प्रदेश पुलिस की फायर सर्विस, फॉरेंसिक मोबाइल वैन, यूपी-112 और उत्तर प्रदेश रेडियो पुलिस जैसी विभिन्न इकाइयां शामिल थीं।

पुलिस उपमहानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने परेड की सलामी ली और आयोजन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने परेड के अ न ु श ा स न, पुलिसकर्मियों की वेशभूषा और शस्त्रों के रख-रखाव पर विशेष ध्यान दिया। अभिषेक यादव ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा कर उसे सुव्यवस्थित बनाने के सुझाव भी दिए।

अभिषेक यादव ने निर्देश दिए कि गणतंत्र दिवस का यह राष्ट्रीय पर्व गरिमापूर्ण और अनुशासित तरीके से मनाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि परेड में शामिल प्रत्येक इकाई का प्रदर्शन मानक के अनुरूप और सुसज्जित होना चाहिए, जिससे पुलिस की सतर्क और अनुशासित छवि प्रस्तुत हो सके।

रिहर्सल में केवल पैदल मार्च ही नहीं, बल्कि पुलिस की तकनीकी क्षमताओं का भी प्रदर्शन किया गया। फॉरेंसिक वैन और यूपी-112 की गाड़ियों के साथ आधुनिक उपकरणों ने सुरक्षा व्यवस्था की मजबूती को दशार्या। अधिकारियों ने सुनिश्चित किया कि 26 जनवरी के मुख्य कार्यक्रम में किसी भी स्तर पर कोई त्रुटि न हो।

# राष्ट्रीय योगी सेना ने तहसील कार्यालय के समक्ष किया विरोध

**पशु चिकित्सक व गौशाला सचिव पर कार्रवाई की मांग**

(जीएनएस)।

पीलीभीत/बीसलपुर। राष्ट्रीय योगी सेना के कार्यकताओं ने ग्राम राजूपुर कुंडरी की गौशाला में गोवंशों की मौत और घायल होने के मामले में पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेंद्र कुमार व गौशाला सचिव नूरुद्दीन के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग को लेकर तहसील कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया।कार्यकारी जिला अध्यक्ष हिमांशु मिश्रा के नेतृत्व में दर्जनभर से अधिक कार्यकर्ता दोपहर बाद तहसील पहुंचे। उन्होंने बताया कि गौशाला में हाल ही कई गोवंश मृत पाए गए और करीब एक दर्जन घायल मिले थे। पूर्व में एसडीएम के निर्देश पर ग्राम प्रधान व केयरटेकर के खिलाफ कोतवाली में एफआईआर दर्ज हुई थी। उपजिलाधिकारी ने भी जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह को दोनों अधिकारियों के खिलाफ रिपोर्ट भेजी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।नारेबाजी के बीच कार्यकताओं ने उपजिलाधिकारी नागेंद्र पांडे के समक्ष मांग पत्र सौंपा। आश्वासन मिलने पर वे मुश्किल से शांत हुए। प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष हिमांशु मिश्रा, आदित्य मिश्रा, मुकुल कुमार, मनोज कुमार, पंकज कुमार, अजय श्रीवास्तव, आकाश राजपूत, देव जायसवाल, गौरव राजपूत आदि शामिल रहे।



# सवर्ण आर्मी संगठन ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र: यूजीसी की इक्विटी रेगुलेशन 2026 को तत्काल वापस लेने की मांग

(जीएनएस)।

पीलीभीत, 24 जनवरी 2026: सवर्ण आर्मी संगठन एवं राष्ट्रीय सवर्ण परिषद ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को एक प्रार्थना पत्र लिखकर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) की हालिया अधिसूचना UGC (PromotiaQ of Equity in Higher Education Institutions) Regulation, 2026 को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की है। संगठन का कहना है कि 15 जनवरी 2026 को भारत राजपत्र में अधिसूचित यह नियम संविधान के समानता के मूल अधिकारों (अनुच्छेद 14, 15 एवं 21) का उल्लंघन करता है।पत्र में कहा गया है कि यह अधिसूचना उच्च शिक्षा संस्थानों में SC, ST, OBC एवं दिव्यांग छात्रों के अधिकारों की रक्षा के नाम पर लाई गई है, जिसमें 90 दिनों के भीतर इक्विटी कमेटियों के गठन का प्रावधान है। लेकिन संगठन का मत है कि यह केवल इन वर्गों पर केंद्रित है, जबकि सामान्य वर्ग (सवर्ण) छात्रों के अधिकारों को नजरअंदाज करती है। इससे समान अवसर के सिद्धांत को कमजोर किया जा रहा है, जो संविधान की मूल संरचना के विरुद्ध है। प्रारंभिक ड्राफ्ट में OBC को शामिल न करने और फर्जी शिकायतों पर दंड के अभाव से विवाद बढ़ा था, जो दुरुपयोग की आशंका पैदा करता है।संगठन ने चेतावनी दी है कि उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों के विश्वविद्यालयों में यह लागू होने से शैक्षणिक परिवेश में भय, असंतोष और असमानता का माहौल बन रहा है। उन्होंने मांग की है कि अधिसूचना रद्द कर सभी वर्गों के छात्रों के अधिकारों को समान रूप से सुनिश्चित करने वाली निष्पक्ष नीति बनाई जाए। संगठन ने उम्मीद जताई है कि राष्ट्रपति इस संवेदनशील मुद्दे पर शीघ्र संज्ञान लेंगे और राष्ट्रहित में निर्णय देंगे।



इस मौके पर जिला अध्यक्ष हिंमाशू मिश्रा जिला उपाध्यक्ष सोनू गोस्वामी ब अन्य पदाधिकारी मैजूद रहे

# पूरनपुर: प्रेमी युगल ने पति को नशीली दवा देकर की चोरी, पुलिस ने 88 हजार नकद व जेवर बरामद कर दोनों को भेजा जेल

(जीएनएस)।

पीलीभीत, थाना पूरनपुर पुलिस ने चोरी की सनसनीखेज घटना का सफल अनावरण कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। कब्जे से स्वणाभूषण और 88 हजार रुपये नकद बरामद हुए। अभियुक्तों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी पूरनपुर के नेतृत्व में 24 जनवरी को मुखबिर सूचना पर पुलिस टीम ने मोहल्ला इस्लामनगर, शेरपुर कलां नहर के पास से अभियुक्त अकरम पुत्र रियासुद्दीन निवासी शेरपुर कलां और सबाना पत्नी गुड्डू निवासी शेरपुर कलां को गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर अकरम के घर से एक मांग का टीका (पीली धातु), एक गले का हार (पीली धातु) और 88,000 रुपये नकद बरामद किए गए। मुकदमा संख्या 30/2026 धारा 305(1) बीएनएस में धारा 317(2) बीएनएस जोड़ी गई।घटना का खुलासा: 22 जनवरी को वादी गुड्डू पुत्र कलमे अहमद निवासी शेरपुर कलां ने बताया कि 21-22 जनवरी की रात अज्ञात चोरों ने उन्हें और पत्नी को नशीली दवा सुधारकर दी, फिर बक्से का ताला तोड़कर नकदी व सोने-चांदी के जेवर चुरा लिए। तत्काल मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू हुई।पूछताछ में अभियुक्तों ने कबूल किया कि वे प्रेम संबंधों में थे। सबाना ने अकरम को बताया कि पति गुड्डू ने बक्से में 88 हजार रुपये, हार व टीका रखे हैं। 21 जनवरी शाम गुड्डू को नशीली गोली खिलाकर चोरी की और माल अकरम के घर छुपा दिया।गिरफ्तार अभियुक्त:अकरम पुत्र रियासुद्दीन, शेरपुर कलां, पूरनपुर।सबाना पत्नी गुड्डू, शेरपुर कलां, पूरनपुर।बरामद वस्तुएं:एक मांग का टीका (पीली धातु)एक गले का हार (पीली धातु)88,000 रुपये नकदपुलिस टीम: उ.नि. सागर कुमार, हे.का. ऋषिपाल सिंह, हे.का. जसवन्त सिंह, का. अजय कुमार, मा.आरक्षी शालिनी।




# पीलीभीत में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत डग्गामार वाहनों पर सख्ती, 108 चालान काटे गए

(जीएनएस)।

पीलीभीत, श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक महोदय पीलीभीत के निर्देशन में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत यातायात पुलिस द्वारा डग्गामार वाहनों, अवैध रूप से संचालित वाहनों, नियतन से अधिक सवारी बैठाकर चलने वाले तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दो पहिया व चार पहिया वाहन चालकों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया।जनपदीय पुलिस/यातायात पुलिस टीम द्वारा जनपद के प्रमुख मार्गों, बस अड्डों व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिक्रमण हटवाते हुए विशेष चेकिंग की गई। विभिन्न चौराहों पर वाहन चालकों एवं आमजनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया तथा नियमों का पालन करने की अपील की गई।इस अभियान में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 108 वाहन चालकों के चालान काटे गए, जिन पर कुल 1,31,500 रुपये शमन शुल्क अधिरोपित किया गया। साथ ही 34 डग्गामार वाहनों पर विधिक कार्यवाही की गई।







# पीलीभीत: राजूपुर कुंडरी गौशाला में फिर विवाद, चोटिल दो गाय गायब और एक मरी हुई मिली

**राष्ट्रीय योगी सेना ने किया भ्रमण, पुलिस प्रशासन मौके पर**

(जीएनएस)।

पीलीभीत की तहसील बीसलपुर अंतर्गत राजूपुर कुंडरी गौशाला एक बार फिर विवादों में घिर गई है। राष्ट्रीय योगी सेना के कार्यकताओं ने आज गौशाला का भ्रमण किया तो वहां दो चोटिल गाय गायब मिली, जबकि एक अन्य गाय मरी हुई अवस्था में पाई गई। इस घटना पर योगी सेना के जिला कार्यकारी अध्यक्ष हिमांशु मिश्रा समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौके पर पहुंचे, साथ ही पुलिस प्रशासन भी जांच के लिए उपस्थित रहा। मरी हुई गाय का अंतिम संस्कार मौके पर ही कर दिया गया।यह गौशाला पहले भी कई विवादों का केंद्र बनी रही है। कुछ समय पूर्व राष्ट्रीय योगी सेना द्वारा यहां की कमियों को उजागर किया गया था। उसके बाद क्षेत्र के एसडीएम और कोतवाल ने मौके पर पहुंचकर प्रधान पति शमशुल तथा केयरटेकर बनवारी के खिलाफ कार्रवाई की थी। उस प्रकरण में एक गाय चोटिल अवस्था में पाई गई थी, जिसकी स्थिति अब और गंभीर हो चुकी है।घटना का पूरा ब्यौराआज दोपहर राष्ट्रीय योगी सेना के जिला कार्यकारी अध्यक्ष हिमांशु मिश्रा ने अपने पदाधिकारियों के साथ गौशाला का निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान पता चला कि पहले चोटिल बताई गई गाय गौशाला से गायब है। वहीं, एक अन्य गाय मृत पाई गई, जिसकी मौके पर ही अंतिम विदाई दी गई। योगी सेना के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया है कि गौशाला का प्रबंधन लापरवाह है और गायों की देखभाल में घोर उदासीनता बरती जा रही है।पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। एसडीएम और कोतवाल की पिछली कार्रवाई के बावजूद स्थिति में कोई सुधार न होने पर योगी सेना ने प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। हिमांशु मिश्रा ने कहा, "गौशाला में गायों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हम लगातार निगरानी रखेंगे और दोषियों पर सख्ती सुनिश्चित करेंगे।"स्थानीय लोगों में आक्रोशगौशाला के आसपास के ग्रामीणों में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि सरकारी योजनाओं के तहत चली इस गौशाला में भ्रष्टाचार और लापरवाही चरम पर है। राष्ट्रीय योगी सेना ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपने की चेतावनी दी है तथा आगे की कार्रवाई का ऐलान किया है।यह मामला ग्रामीण विकास और पशु कल्याण योजनाओं पर सवाल खड़े कर रहा है। प्रशासन की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन जांच जारी है।



